हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री



12 आंवरी में कर्मा जयंती मनाई और निकाली कलश यात्रा



12 मर्दापोटी घोटिया मार्ग की दूध नदी पर बनाया जाएगा पुल : कलेक्टर



## खबर संक्षेप

### समय बदला अब स्कूल लगेंगे साढ़े सात बजे से

**कांकेर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी स्कूलों के संचालन समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। 16 मार्च से शुरू हुई प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अब 17 मार्च से सभी स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे से साढ़े 11 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश सभी सरकारी, निजी और अनुदान प्राप्त विद्यालयों पर लागू होगा। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षाओं तथा मूल्यांकन कार्य के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

### पालकों ने प्रतियोगी परीक्षों की पुस्तकें दान में दी



**चारामा।** सफलता की कहानी में बच्चे, पालक और गुरुजनों का सहयोग एवं मार्गदर्शन के साथ साथ आधारभूत सुविधा भी जरूरी होती है। इस पहल के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के पालक राजेन्द्र सुनीता कांगे और शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू द्वारा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतियोगी परीक्षा पुस्तक भेंट किया गया ताकि सभी बच्चे अच्छे से तैयार कर पाएगा। इस तरह के छोटी छोटी पहल से बच्चों में उत्साह रहा और शाला परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बैल से टकराया युवक, हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 115 निवासी शिवा शाह पिता नारायणचंद का बैल में टकरा जाने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च को मृतक पीव्ही 55 के पास बैल से टकरा गया। चोट आने कि वजह से अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि उसका मौत हो चुका है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बोलेरो की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** विवेचना में पाया गया कि मृतक नरहरपुर थानांतर्गत भैसाकट्टा निवासी 52 वर्षीय राधुराम कुंजाम पिता पतिराम कुंजाम 29 सितंबर को सुबह टहलने निकला था। सुबह करीबन 5 बजे शासकीय लाल कलिन्द कालेज अंतागढ़ के पास पहुचा था कि पीछे से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 17 डी 1465 बोलेरो के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पीछे से ठोकर मारकर एक्सडेंट कर दिया जिससे राधुराम कुंजाम गंभीर चोट आने से मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 17 डी 1465 बोलेरो के चालक के खिलाफ 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# कांकेर पुलिस का व्हाट्सएप पोर्टल शुरू, अब एक मैसेज पर दर्ज होगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

डिजिटल युग में पुलिसिंग को और अधिक स्मार्ट, पारदर्शी और जनसुलभ बनाने की दिशा में कांकेर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब जिले के नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सिर्फ एक व्हाट्सएप मैसेज के जरिए घर बैठे ही शिकायत दर्ज की जा सकेगी और उसकी स्थिति की जानकारी भी तुरंत प्राप्त होगी। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि व्हाट्सएप आधारित पुलिस शिकायत पोर्टल की शुरुआत की गई है। इस नई डिजिटल सुविधा का उद्देश्य पुलिस सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाना है, जिससे आम नागरिकों को त्वरित और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली मिल सके। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल फोन से व्हाट्सएप नंबर 94791-55125 पर हाय या नमस्ते लिखकर मैसेज भेजेंगे। इसके बाद उन्हें दो विकल्प प्राप्त होंगे, जिसमें पहला नई शिकायत दर्ज करने का और दूसरा, पहले से दर्ज शिकायत की स्थिति जानने का रहेगा। यदि कोई व्यक्ति नई शिकायत दर्ज करना चाहता है तो उसे व्हाट्सएप पर 1 लिखकर भेजना होगा। इसके बाद सिस्टम आवश्यक जानकारी प्राप्त कर शिकायत को पंजीकृत करेगा। प्रत्येक शिकायत को एक अलग क्रमांक दिया जाएगा, जिससे शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की ट्रैकिंग कर सकेगा। शिकायत की स्थिति जानने के लिए 2 लिखकर भेजने पर संबंधित शिकायत का स्टेटस तुरंत देखा जा सकेगा। पुलिस प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग कर अपनी शिकायतें सीधे पुलिस तक पहुंचाएं और इस नई व्यवस्था का लाभ उठाएं।

## शिकायत के निराकरण के बाद दे सकते हैं फीडबैक




### डिजिटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड तैयार

एसपी निखिल राखेचा ने बताया कि शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निराकरण के लिए कांकेर पुलिस ने एक डिजिटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड भी विकसित किया है। इस डैशबोर्ड के जरिए अधिकारियों द्वारा थानावार शिकायतों की नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि सभी शिकायतों का निराकरण तय समय सीमा में सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक समाधान पर भी लगातार नजर रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त शिकायत के निराकरण के बाद शिकायतकर्ता इसी व्हाट्सएप नंबर पर अपना फीडबैक भी दे सकेंगे।

## ट्रांसफार्मर के जले केबल और खुले तार दे रहे बड़े हादसों को न्योता

# विभाग की लापरवाही से बैजनपुरी में बिजली संकट से कृषि कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

सुशासन के दावों के बीच बिजली व्यवस्था की हकीकत ग्रामीण इलाकों में कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। गर्मी की शुरुआत होते ही बिजली कटौती, लो वोल्टेज और जर्जर ट्रांसफार्मर की समस्या से आम जनता और किसान परेशान हैं। शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग की उदासीनता ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। स्थिति यह है कि गांवों में बिजली व्यवस्था न सिर्फ बाधित है बल्कि लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।

■ किसानों को फसल सूखने का सता रहा डर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम बैजनपुरी में बिजली विभाग की लापरवाही का ताजा मामला सामने आया है। यहां एक ही ट्रांसफार्मर से गांव की बिजली आपूर्ति के साथ-साथ किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए बोर चला रहे हैं। इससे ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक भार पड़ रहा है, जिसके कारण लगातार लो वोल्टेज और बार-बार खराब होने की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार पहले यहां 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन उसके खराब होने के बाद विभाग ने उसकी जगह 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया। कम क्षमता वाला यह ट्रांसफार्मर गांव और किसानों की जरूरत के अनुसार बिजली आपूर्ति करने में पूरी तरह असफल साबित हो रहा है। परिणामस्वरूप बिजली सप्लाई लगातार प्रभावित हो रही है और किसानों को अपनी रबी फसलों की सिंचाई करने में भारी दिक्कतों का सामना करना ⏭ शेष पेज 10 पर

### केबल जले, नजर आ रहे नंगे तार

ग्रामीण राधेश्याम जैन, नरोत्तम जैन और उपसरपंच द्वारिका प्रसाद यदु ने बताया कि ट्रांसफार्मर में लगे केबल की ऊपरी कवरिंग पूरी तरह जल चुकी है और कई जगह तार खुले पड़े हुए हैं। यह स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। शिकायत कोरर स्टेशन में भी की गई, लेकिन वहां से यह कहकर टाल दिया गया कि केबल उपलब्ध नहीं है। विभाग की इस बेरुखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। विगत दिनों पिछले वर्ष इसी ट्रांसफार्मर में करंट लगने से दो पालतू पशुओं की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद बिजली विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ट्रांसफार्मर सड़क किनारे स्थित है और आसपास लोगों की आवाजाही भी रहती है। ऐसे में खुले तार किसी भी समय किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।



### अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारी समस्या का समाधान करने के बजाय टालमटोल करते नजर आते हैं। मजबूरी में किसान और ग्रामीण ही ट्रांसफार्मर और सब स्टेशन के चक्कर काटते रहते हैं ताकि बिजली व्यवस्था किसी तरह चालू रह सके। गर्मी का मौसम अभी शुरू ही हुआ है और बिजली व्यवस्था की यह हालत है कि गांव में पंखे तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती और लगातार लो वोल्टेज से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। किसान भी चिंतित हैं कि यदि समय पर सिंचाई नहीं हो पाई तो उनकी फसलें सूख सकती हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## बाइक की ठोकर से ग्रामीण राहगीर हुआ गंभीर, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** जिले के चारामा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। सड़क पर पैदल जा रहे ग्रामीण को बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया कि वह खेती-किसानी का काम करता है। 15 मार्च की रात करीब 7 बजे उसका बड़ा भाई संतोष उईके ग्राम कहाडगोंदी में एक शादी समारोह का कार्ड देने के लिए मेन रोड से पैदल जा रहा था। उसी दौरान चारामा की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 आर 0821 के चालक तुमेश्वर कुमार ने शराब के नशे में तेज और लापरवाही से बाइक चलाते हुए संतोष उईके को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संतोष उईके सड़क पर गिर पड़े। गिरने से उनके सिर के पीछे और बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं तथा खून बहने लगा। हादसे को देखकर ⏭ शेष पेज 10 पर

## तालाब किनारे चार जुआरी पकड़ाए 2.75 लाख से अधिक का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिला मुख्यालय की सीमा से लगे ग्राम पंडरीपानी के तालाब किनारे चल रहे जुए के अड्डे पर पर कार्रवाई की गई, जिसमें चार जुआरियों को मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर जुआरी भागने में सफल हो गए। पुलिस ने जुआ खेलते हुए आरोपियों से नगदी, मोबाइल फोन और दोपहिया वाहन जब्त किए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च को देर शाम मुखबिर से जानकारी मिली कि पंडरीपानी तालाब के के पास कुछ लोग 52 पत्ती ताश के माध्यम से रूपये-पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर "काट-पत्ती" नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम पेट्रोलिंग वाहन क्रमांक सीजी-08-बीएफ-5200 से आवश्यक उपकरणों और स्टाफ के साथ मौके के लिए रवाना हुई। रास्ते में ग्राम पण्डरीपानी चौक से दो गवाहों को साथ लेकर पुलिस दल



बताए गए स्थान पर पहुंचा। तालाब के पास पहुंचकर पुलिस ने कुछ दूरी से देखा कि कई लोग ताश के पत्तों के जरिए जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने टीम के साथ घेराबंदी कर कार्रवाई की और दौड़ाकर चार जुआरियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम पंकज यादव, घनश्याम कावड़े, शक्ति कावड़े और युवराज देवांगन निवासी थाना कांकेर क्षेत्र बताया। चारों आरोपियों को छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने के कारण आरोपियों को नियमानुसार जमानत मुचलका पर ⏭ शेष पेज 10 पर

## कार को बचाते ईंट लदा ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलटा, बड़ी दुर्घटना टली



**कांकेर।** सोमवार की सुबह शहर में एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। व्यस्ततम नए बस स्टैंड क्षेत्र में ईंटों से लदा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास मौजूद राहगीरों और वाहनों में से कोई भी इसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार 16 मार्च की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे लाल ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सिंगारभाट की दिशा से शहर की ओर आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर सामान्य गति से चल रहा था। जैसे ही वाहन नए बस स्टैंड स्थित टैक्सी स्टैंड के पास पहुंचा, सामने से आ रही एक कार ने अचानक बिना किसी संकेत के मोड़ ले ⏭ शेष पेज 10 पर

## गुरु की छत्रछाया में बढ़ेगा ज्ञान, मंगल देगा पराक्रम

# रौद्र संवत्सरी में देवगुरु बृहस्पति की सत्ता में न्याय-ज्ञान की होगी अभिवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारतीय सनातन कालगणना के अनुसार 19 मार्च 2026 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ ही नववर्ष विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह वर्ष विशेष महत्व लेकर आ रहा है, क्योंकि इस बार संवत का आरंभ गुरुवार को हो रहा है, जिसके कारण ग्रहों के गुरु बृहस्पति को वर्ष का राजा और पराक्रम के प्रतीक मंगल को मंत्री पद प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही यह वर्ष रौद्र संवत्सर के नाम से जाना जाएगा, जो परिवर्तन, संघर्ष और नए विचारों के उदय का संकेत देता है।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार जब गुरु राजा और मंगल मंत्री होते हैं, तब समाज में धर्म, न्याय और नैतिक मूल्यों का प्रभाव बढ़ता है। राजा गुरु होने से शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की संभावनाएँ बनती हैं। न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ सकती है और




नीतिगत फैसलों में दूरदर्शिता देखने को मिल सकती है। वहीं मंत्री मंगल होने के कारण रक्षा, विज्ञान, तकनीक और साहसिक निर्णयों में तेजी आने के संकेत मिलते हैं। हालांकि 'रौद्र' संवत्सर का स्वभाव परिवर्तनकारी माना जाता है। विद्वानों के अनुसार इस वर्ष प्राकृतिक घटनाओं, मौसम में असामान्य उतार-चढ़ाव और कुछ क्षेत्रों में सीमावर्ती तनाव की स्थितियाँ भी बन सकती हैं। फिर भी गुरु के प्रभाव से कूटनीति, संवाद और संतुलित निर्णयों के माध्यम से अंततः शांति की दिशा मजबूत होने की ⏭ शेष पेज 10 पर

### सकारात्मक वातावरण के संकेत

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार वर्ष के मध्य में जब गुरु अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे, तब देश में समृद्धि, धन-धान्य और सकारात्मक वातावरण के संकेत प्रबल होंगे। समग्र रूप से विक्रम संवत 2083 चुनौतियों के बीच अवसरों का वर्ष माना जा रहा है, जो समाज को अनुशासन, आध्यात्मिक जागरण और विकास की नई दिशा की ओर ले जा सकता है।



**खबर संक्षेप**

### जिला अस्पताल में शुरू हुआ एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल कोण्डागांव में 16 मार्च से एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया। इस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत वे किशोरी बालिकाएं पात्र होंगी, जिनकी आयु 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और 15 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है। पात्र बालिकाओं को यह टीका निःशुल्क लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है। इस टीकाकरण से भविष्य में गंभीर बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष की बालिकाओं को जिला चिकित्सालय लाकर निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

### प्लेसमेंट कैंप पहुंची कलेक्टर युवाओं से की बातचीत

कोण्डागांव। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के तत्वाधान में शुक्रवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शिविर का निरीक्षण कर उपस्थित युवाओं से संवाद किया तथा नियोजकों से भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। कैंप के दौरान कलेक्टर ने सिक्योरिटी गार्ड के पद के लिए ग्राम बालेंगा के युवा जन्मजय नेताम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। यह प्लेसमेंट कैंप विभिन्न नियोजकों द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर, अकाउंटेंट और लेबर सहित कुल 396 पदों की पूर्ति के लिए आयोजित किया गया था। कैंप में कुल 96 बेरोजगार युवक–युवतियों ने भाग लिया। जिनमें से 30 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया तथा 20 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

### गिरोला उपकेंद्र में पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ी, आपूर्ति होगी बेहतर

**कोण्डागांव।** जिले के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गिरोला में स्थापित पावर ट्रांसफॉर्मर क्रमांक 02 की क्षमता वृद्धि का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस कार्य के तहत ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दी गई है। ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ने से गिरोला उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रें में बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में सुविधा होगी और उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर एवं बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। यह कार्य अधीक्षण अभियंता नवीन पोयाम के मार्गदर्शन, कार्यपालन अभियंता टी. एस. उईके एवं जूसफ केरकेट्टा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्य के दौरान सहायक अभियंता एफ. तिग्गा, एन.एस. कंवर, संजय नाग तथा कनिष्ठ अभियंता विजेंद्र कुमार शार्दूल सहित अन्य तकनीकी कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# छोटे कापसी ग्राम पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पारित, सरपंच की कुर्सी छिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के अंतर्गत आने वाली आदर्श ग्राम पंचायत छोटे कापसी में पहली बार बड़ा राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिला है। लंबे समय से चल रहे असंतोष के बाद, सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भारी बहुमत से पारित हो गया है, जिसके चलते वर्तमान सरपंच को अपना पद छोड़ना पड़ा।

पंचायत भवन में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासन की ओर से तहसीलदार केतन भोयर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। मतदान के आंकड़े कुल वार्ड 20 जिसमें से 4 वर्तमान में रिक्त है। कुल सक्रिय पंच 16 व प्रस्ताव के पक्ष में 13 पंच जिन्होंने सरपंच को हटाने के लिए मतदान किया एवं प्रपक्ष के



विरोध में 3 सरपंच सहित रहा। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले वार्ड पंचों ने सरपंच और उनके पति बसन्त जुर्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वार्ड पंच दीपक दास और अन्य सदस्यों का कहना है कि पंचायत के कार्यों में सरपंच पति का अत्यधिक हस्तक्षेप था। वे सरपंच की कुर्सी पर बैठकर वार्ड पंचों के प्रस्तावों को खारिज कर देते थे। बाजार टैक्स की वसूली नियमों के विरुद्ध सरपंच पति द्वारा स्वयं की जा रही थी। 15वें वित्त आयोग की राशि के खर्च और अटल कॉम्प्लेक्स की राशि की वसूली में भी धांधली के आरोप लगे हैं। पंचायत की फाइलों में हेरफेर करने और वार्ड पंचों पर अनावश्यक दबाव बनाने की शिकायतें भी सामने आईं। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में सोनी मंडल, ममता मंडल, पिंकू दत्ता, दीपक दास, प्रीति मंडल, सुलता पाल, सुजय हालदार, राजकुमारी गौतम, गंगा मरकाम, दानकी नरेटी, जय श्री मंडल, उन्नति विश्वास, प्रकाश मंडावी और पंकज परामाणिक ने मतदान किया। वहीं सरपंच प्रेमा जुर्री को केवल अंजू पवार और बिसाहिन भदौरिया का साथ मिला। अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। मतदान के बाद बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित हो गया है। अब नियमानुसार आगे की प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## शिविर में कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण और मार्गदर्शन

# जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भाजपा कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

भारतीय जनता पार्टी मण्डल सरोना द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को रिपा सेंटर सरोना में हुआ। 16 से 17 मार्च तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए अंत्योदय के संकल्प को दोहराया तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और योजनाओं का लाभ पहुँचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

शिविर के उद्घाटन सत्र में मण्डल प्रभारी डॉ. देवेंद्र साहू, वरिष्ठ नेता अशोक वलेचा, भूपेन्द्र नाग, राजीव लोचन सिंह और राजा देवनानी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के मूल मंत्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाना है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय और समर्पित



भाव से कार्य करना होगा।

प्रशिक्षण शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी जा रही है। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी योजनाएँ, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं को सरल भाषा में आम जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच एक सेतु की भूमिका निभाता है, इसलिए योजनाओं की सही जानकारी और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक संरचना, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित करने के तरीकों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के दौरान अलग-अलग सत्रों में पार्टी की विचारधारा, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया की भूमिका, चुनावी रणनीति तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर विस्तृत चर्चा होगी। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होता है। बूथ स्तर पर सक्रिय और जागरूक कार्यकर्ता ही पार्टी को मजबूती प्रदान करते हैं।

इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समाज के हर वर्ग तक पहुँच बनाकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। इससे संगठनात्मक अनुशासन मजबूत होता है और कार्यकर्ता अपने दायित्वों को अधिक प्रभावी ढंग से निभा पाते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, सिद्धांतों और भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा, जिला मंत्री संजय सिंन्हा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, राजा पांडे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, हीरा मरकाम, निलेश गोलछा, भागवंत जैन, यशवंत सुरोजिया, किशोर भास्कर, अशोक निषाद, कन्हैया नेताम, अनिल गजपाल, दिपक साहु, मनुराम भास्कर, सगे सिंह वट्टी, प्रमोद मरकाम, आंनद वट्टी, बिरेंद्र साहु, एवन साहु , संतोष नयाक, ईश्वर सिंन्हा, दिनेश यादव, भानु नेताम, चिंतामणि रामटेके, एनबती कोर्राम सहित विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हड़ेली में वन विभाग ने कराई वॉलीबाल स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के सुदूर अंचल ग्राम हड़ेली में वन विभाग द्वारा पहली बार वन अग्नि जागरूकता अभियान के तहत व्हॉलीबाल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन वनमंडलाधिकारी कोंडागांव वनमंडल चूणामणी सिंह के निर्देशानुसार कराया गया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य वनों को आग की घटनाओं से बचाने, वनों एवं जैव विविधता के संरक्षण–संवर्धन का संदेश देना तथा स्थानीय युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। साथ ही क्षेत्र में आपसी भाईचारा बढ़ाने और शांति व विकास का वातावरण बनाने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की कई टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं की भी बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा रामचन्द्र कश्यप सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## कांशीराम की मनायी जयंती, सर्व आदिवासी भवन में हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती 15 मार्च 2026 को सर्व आदिवासी भवन कोंडागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्पहार अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों और समाज के प्रमुख लोगों ने उनके जीवन, विचारों और बहुजन समाज के उत्थान के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों और विचारों को देशभर में बहुजन समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कांशीराम ने किया। उन्होंने 1978 में बामसेफ की स्थापना की, इसके बाद 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति का गठन किया और 1984 में बहुजन समाज को राजनीतिक शक्ति दिलाने के उद्देश्य से बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। वक्ताओं ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में चार बार बहुजन समाज की सरकार बनी और उन्होंने मायावती को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाया। कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को जागृत करने और उन्हें शासन–प्रशासन में भागीदारी दिलाने के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि कांशीराम के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। जयंती समारोह में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बंगाराम सोड़ी, सर्व अनुसूचित जाति समाज के जिला अध्यक्ष धंसराज टंडन, बौद्ध समाज के जिला अध्यक्ष सी.एल. मेश्राम, संरक्षक एम.डी. बघेल, प्रधान संयोजक लखमूराम टंडन, वरिष्ठ पदाधिकारी सूरज मातलाम, राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार प्राप्त पंचूराम सागर, सुरेश बघेल, बजरंग कुलदीप, रमाकांत महाजन, ओमप्रकाश नाग, मन्नूलाल चतुर्वेदी, पी.एल. ठावरे, जीवन नाग, चंद्रेश चतुर्वेदी, रितेश कोर्राम, बुद्धू नाग, घसिया समाज के अध्यक्ष फूल सिंह सागर, नरेंद्र मारकंडे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



## पशुपालकों को दी गई पशुओं के स्वास्थ्य व देखभाल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला कोंडागांव के सभी विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर जिले के सभी पशु चिकित्सालय, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, पशु औषधालय और कृत्रिम गर्भाधान उप केंद्रों में आयोजित किए गए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों और पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण और देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में पशुओं में होने वाली सामान्य बीमारियों की पहचान, उनके उपचार और रोकथाम के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जिससे पशुपालक समय रहते अपने पशुओं की देखभाल कर सकें। शिविर में ग्रामों के पशुपालक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और अपने पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर पशु चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

### हजारों पशुओं का टीकाकरण और उपचार

*शिविर के दौरान 10,289 पशुओं में खुरहा–चपका रोग के खिलाफ टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 528 पशुपालकों को औषधियों का वितरण किया गया तथा 139 पशुओं का उपचार भी किया गया। यह शिविर ग्रामीणों और पशुपालकों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हुआ तथा पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

## मकान सूचीकरण व मकान गणना की प्रक्रिया की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनगणना कार्य के प्रथम चरण की तैयारी के तहत रविवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय रायपुर के मास्टर ट्रेनर हिरेन्द्र कुमार सिन्हा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना कार्य की चरणबद्ध जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुतीकरण कर भवन और मकान की पहचान करने की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण ब्लॉक में स्थित प्रत्येक भवन या जनगणना मकान का क्रमांकन करने की विधि समझाई गई। प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण, फील्ड में डाटा संकलन, एचएलओ मोबाइल एप के माध्यम से डाटा प्रविष्टि और चार्ज अधिकारियों के दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सीएमएमएस पोर्टल में ऑनलाइन डाटा एंट्री और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों और शंकाओं का समाधान करते हुए जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

### 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य

जनगणना कार्य के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक किया जाएगा, जिसके लिए डाटा संकलन केवल डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

### अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अश्वन पुसाम, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोया, वेणु गोपाल राव सहित सभी तहसीलदार, सीएमओ तथा जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब सेवा संस्था ने किया स्मरण, शिक्षा और समानता का लिया संकल्प

# सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोट चौक स्थित बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया और उनके समाज सुधार के कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षमय जीवन और समाज में शिक्षा व समानता के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि जिस दौर में महिलाओं और दलितों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, उस समय सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा का दीप जलाकर समाज में नई क्रांति की शुरुआत की। संस्था के सदस्यों ने बताया कि वर्ष



1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ा में देश का पहला बालिका विद्यालय खोलकर सावित्रीबाई फुले ने स्त्री शिक्षा की मजबूत नींव रखी और सामाजिक रूढ़िवादिता का साहसपूर्वक सामना किया। उन्होंने विधवा विवाह का समर्थन किया, छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई तथा बालहत्या जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए 'बालहत्या प्रतिबंधक गृह' की स्थापना की।

### सत्यशोधक समाज को दिया नेतृत्व

महात्मा ज्योतिराव फुले के निधन के बाद भी सावित्रीबाई फुले ने सत्यशोधक समाज के कार्यों को आगे बढ़ाया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्ष किया। वर्ष 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, जो उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है।

### संस्था ने लिया समाज को जागरूक करने का संकल्प

कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। शिक्षा और समानता के प्रसार के लिए संस्था निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पंचू सागर, प्रमोद भारती, शुद्ध राम मरकाम, पटेल समाज से रितेश पटेल, अध्यक्ष भुवन लाल मार्कंडेय, ओमप्रकाश नाग, वीरेन्द्र कुमार नेताम, पंचम पांडे, पूर्व अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, देवानंद चौरे, तथ्यशील चौरे, सिद्धार्थ महाजन, सानू मार्कंडेय, विशाल बंजारे सहित संस्था के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

शेष पेज 9 पर

### विभाग की लापरवाही ...

पड़ रहा है। गर्मी के शुरुआती दौर में ही बिजली आपूर्ति का यह हाल है तो आने वाले दिनों में हालात कितने गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाए, जले हुए केबल बदले जाएं और गांव में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों की फसल और ग्रामीणों की सुरक्षा दोनों बचाई जा सके।

### बाइक की ठोकर से...

आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी और ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार शुरू किया गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने थाना चारामा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी मोटरसाइकिल चालक तुमेश्वर कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125 (ए) और 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### तालाब किनारे चार...

रिहा कर दिया गया।मौके पर तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कुल 230 रुपये की नगदी, 4 मोबाइल फोन, 52 पत्ती ताश और जुआ खेलने में इस्तेमाल की जा रही सामग्री बरामद की गई। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गईं। घटना स्थल पर खड़ी अन्य पांच दोपहिया वाहनों को भी मामले में संलिप्त होने की आशंका के आधार पर पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त किए गए मोबाइल, नगदी और कुल सात दोपहिया वाहनों की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये बताई गई है।

### कार बचाते ईंट ...

लिया। अचानक सामने आई स्थिति को देखते हुए ट्रैक्टर चालक ने टक्कर से बचने के लिए जोरदार ब्रेक लगा दिया। ट्रॉली में ईंटों का भार अधिक होने के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर ट्रॉली सहित सड़क पर पलट गया। हादसे के समय बस स्टैंड के आसपास यात्रियों और वाहनों की आवाजाही बनी हुई थी, लेकिन चालक की सतर्कता और वाहन की कम गति के कारण कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। ट्रैक्टर चालक को भी मामूली चोटें आई हैं और वह सुरक्षित बताया जा रहा है।

हादसे के बाद सड़क पर ईंटें बिखर जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर बिखरी ईंटों को हटवाया। इसके बाद लटे हुए ट्रैक्टर को सीधा कर सड़क किनारे किया गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद यातायात फिर से सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड के पास वाहन चालकों द्वारा अचानक मोड़ लेने के कारण अक्सर ऐसी दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। उन्होंने यहां यातायात व्यवस्था को और सख्त करने की मांग की है।

### रौद्र संवत्सरी में देवगुरु...

संभावना जताई जा रही है। आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष मिश्रित फल देने वाला माना जा रहा है। कृषि और खाद्यान्न उत्पादन में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं, क्योंकि धान्येश का पद बुध के पास रहेगा। वहीं शनिदेव के पास 'रसेश' का विभाग होने से तेल, गैस और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में नए शोध, निवेश और लाभ की संभावनाएँ बन सकती हैं।

# नेशनल लोक अदालत में वर्षों से लंबित मामलों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत में वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित निराकरण किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य के निर्देशानुसार राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं बचेली के न्यायालयों को सम्मिलित करते हुए कुल 10 खंडपीठों का गठन किया गया। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठों का गठन किया गया था। सभी न्यायालयों में लंबित कुल 4810 नियमित मामले लोक अदालत में रखे गए थे, जिनमें से 4728 मामलों का सफलतापूर्वक निराकरण करते हुए कुल 4,10,52,768 रुपये की राशि का एवार्ड पारित किया गया। यह लोक अदालत वर्चुअल एवं भौतिक दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। इन प्रकरणों के निराकरण हेतु दंतेवाड़ा न्यायालय में खंडपीठ क्रमांक 1 के पीठासीन अधिकारी प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य, खंडपीठ क्रमांक 2 में न्यायाधीश परिवार न्यायालय हरीश कुमार अवस्थी, खंडपीठ क्रमांक 3 में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोहन प्रसाद गुप्ता, खंडपीठ क्रमांक 4 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय नक्सल मामले सुनील कुमार जायसवाल, खंडपीठ क्रमांक 5 में द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डी.पी. सिंह दांगी, खंडपीठ क्रमांक 6 में मुख्य



न्यायिक मजिस्ट्रेट, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अपूर्वा दांगी तथा खंडपीठ क्रमांक 7 में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हर्षवर्धन जायसवाल की खंडपीठ गठित की गई थी। इसके साथ ही व्यवहार न्यायालय बीजापुर में खंडपीठ क्रमांक 1 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रोजमीन खाखा, व्यवहार न्यायालय सुकमा में खंडपीठ क्रमांक 1 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रमेश चौहान तथा व्यवहार न्यायालय बचेली में खंडपीठ क्रमांक 1 में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी श्वेता ठाकुर की खंडपीठ गठित की गई थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दंतेवाड़ा तथा बचेली द्वारा अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में राजीनामा के लिए रखा गया था। लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, ग्रामीण बैंक, विद्युत विभाग, श्रीराम फाइनेंस कंपनी, नगर पंचायत बारसूर, चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी, बीएसएनएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिकित्सीय विभाग का सराहनीय योगदान रहा। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा पक्षकारों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही सभी न्यायाधीशों, पक्षकारों, कर्मचारियों एवं मीडियाकर्मियों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया।

## खबर संक्षेप

### माता कर्मा जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**बस्तर।** साहू समाज द्वारा अपनी आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती के अवसर पर नगर पंचायत बस्तर में तेलीय समाज के द्वारा भव्य हर्षोल्लास, भक्ति और सामाजिक एकता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माता कर्मा के छाया चित्र में माल्यर्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। माता कर्मा के भक्ति, समानता, त्याग और समर्पण के संदेशों को याद किया गया और युवाओं से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड पार्षद समीर मिश्रा भी उपस्थित रहे।
साहू समाज की एकजुटता को प्रदर्शित करता है, जहां बुजुर्ग, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिक रामकुमार साहू, जगतारलाल साहू, टिकम साहू, डी एस साहू, नारायण साहू, उमेश साहू,और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाने की पहल

**बीजापुर।** जिले में किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन टीकाकरण अभियान 16 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान भारत सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल का हिस्सा है, जिसके तहत जिले की पात्र किशोरियों को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 28 फरवरी को किया गया था। इसी क्रम में जिला बीजापुर में भी अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी।

### शिकायतों के निराकरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला बीजापुर में प्राप्त शिकायतों के समन्वय एवं उनके त्वरित निराकरण के उद्देश्य से उत्तम भारती, सहायक खाद्य अधिकारी को जिला स्तरीय कॉल सेंटर नंबर 88152-59949 के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त नोडल अधिकारी कॉल सेंटर में प्राप्त होने वाली एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेकर संबंधित विभागों तथा ऑयल कंपनियों के जिला समन्वयकों से समन्वय स्थापित करेंगे तथा शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

## गैस की बढ़ती कीमतों पर महिला कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

# चूल्हा जलाकर बनाया चाय-भजिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस ने दंतेवाड़ा बस स्टैंड में अनोखा प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गैस सिलेंडर की कीमतों को कम करने की मांग उठाई। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में अनोखे तरीके से अपना आक्रोश जताया।

बस स्टैंड परिसर में ही पारंपरिक चूल्हा जलाकर चाय बनाई गई तथा भजिया और बड़ा तला गया। इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से महिलाओं ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण आम परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है और कई परिवारों को मजबूरी में फिर से चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने "महंगाई डायन खाए जात है" गीत बजाकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई और रसोई गैस की कीमतों को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। इस अनोखे विरोध प्रदर्शन को देखने के लिए बस स्टैंड परिसर में लोगों की भीड़ भी उमड़ पड़ी और राहगीर भी कुछ देर के लिए रुककर इस प्रदर्शन को देखते रहे। महिला कांग्रेस द्वारा इस दौरान एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन



किया गया, जिसमें महंगाई, रसोई गैस के बढ़ते दाम और आम जनता पर पड़ रहे उसके प्रभाव को नाटकीय रूप से प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह दिखाया गया कि किस प्रकार महंगाई के कारण गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ में हो रही कथित अफीम की खेती को लेकर विरोध जताया और सरकार से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में अवैध गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और सरकार इन्हें रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। रसोई गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस आम जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतर रही है और जब तक गैस सिलेंडर के दामों में राहत नहीं मिलती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि महंगाई ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे घर का बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सबसे ज्यादा इस महंगाई से प्रभावित हो रही हैं क्योंकि घर की रसोई की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। महिला कांग्रेस आम महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। जनता लंबे कतारों में लगकर गैस सिलेंडर लेने का प्रयास कर रही है पर उन्हें लगभग 60 दिनों का समय दिया जा रहा है जो जनता के हक के साथ खिलवाड़ है। शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि सरकार को तुरंत गैस सिलेंडर के दाम कम करने चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण घर चलाना बेहद कठिन हो गया है और इसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है। सरकार को आम जनता की परेशानियों को समझते हुए राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। वहीं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस का यह प्रदर्शन केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि आम महिलाओं की पीड़ा को सामने लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज हर घर की महिला महंगाई से परेशान है और यदि सरकार ने जल्द ही गैस सिलेंडर की कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया तो महिला कांग्रेस और भी बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस हमेशा से जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है और आगे भी आम जनता के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। इस दौरान सुमित्रा सोरी, दीपमाला कर्मा, राजेश्वरी मुरमी, इंदिरा ठाकुर, ममता कौशल, राधा नाग, सुशीला नियाल, आसिफ़ रज़ा, रवीश सुराना, राकेश कर्मा,अविनाश सरकार, स्नेहलता पिल्ले, पूजा जैन, किशन देवी, अनिल कर्मा, छवि नेम, अभिषेक सलाम, वेदांत पांडे और कविश कर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की कीमतों को कम करने और प्रदेश में अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की।

## पुलिस की एकतरफा करवाई से पत्रकार नाराज

# मौन धरना कर कलेक्टर, एसपी से न्यायिक जांच की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

सुकमा में पत्रकारों ने एक घंटे का मौन धरना देकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की।

वीडियो में बास्तानार के इरपा गांव का एक ग्रामीण लापरवाहीपूर्वक अनियंत्रित ट्रैक्टर चलाते हुए दिखाई दे रहा है,

■ बस्तर में सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील

जिससे दुर्घटना की आशंका पैदा हो गई थी। इसके बाद घटना स्थल पर ट्रैक्टर चालक के साथ हुई मारपीट का दूसरा वीडियो भी वायरल हुआ। इन वीडियो के सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

पुलिस ने पत्रकार रौनक शिवहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस स्थिति को देखते हुए बस्तर संभाग के पत्रकारों ने पुलिस की कार्रवाई को जल्दबाजी और दबाव में की गई कार्रवाई बताते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया है।

दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के आह्वान पर संभाग के सभी जिलों में पत्रकारों ने शांतिपूर्ण तरीके से मौन धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। सुकमा जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन के बाद पत्रकारों ने कलेक्टर अमित कुमार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर कोंटा, दोरनापाल, छिंदगढ़, कुकनार, तोंगपाल और सुकमा के पत्रकार उपस्थित रहे। पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और न्याय नहीं मिलता, तब तक वे लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे।

### मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच के लिए एसडीएम नियुक्त

**गीदम।** अनुविभागीय दंडाधिकारी गीदम से जारी विज्ञप्ति के अनुसार दंतेवाड़ा जिले के थाना गीदम क्षेत्र अंतर्गत 3 मार्च को ग्राम गुमलनार, गिरसापारा और नेलगोडा के मध्य जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस और माओवादी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में एक पुरुष माओवादी के मारे जाने की घटना सामने आई थी। उक्त मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए घटना की दण्डाधिकारी जांच के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम, दंतेवाड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में थाना गीदम में अपराध क्रमांक 22द2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 190, 109, 61(2), आर्म्स एक्ट की धारा 25 व 27 तथा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 10, 13(1)(ए), 16, 18, 20, 23, 38(2) और 39(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस घटना के संबंध में कोई भी व्यक्ति यदि जानकारी, साक्ष्य या तथ्य प्रस्तुत करना चाहता है तो वह 10 अप्रैल 2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर मौखिक, लिखित अथवा गोपनीय रूप से अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# ग्रामीणों को वितरित की गई आवश्यक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

दोरनापाल सुकमा जिले के गोगुंडा क्षेत्र में सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

गौरतलब है कि गोगुंडा क्षेत्र एक समय नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता था, जहां विकास कार्यों की पहुंच लगभग नहीं के बराबर थी। लेकिन सीआरपीएफ 74वीं वाहिनी के कैंप की स्थापना के बाद अब क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ विकास की गतिविधियां भी तेज हुई हैं। सुकमा सीआरपीएफ के डीआईजी आनंद राजपुरोहित के दिशानिर्देश तथा कमांडेंट हिमांशु पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुरेश और असिस्टेंट कमांडेंट अंकित सिंह की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में



ग्रामीण पहुंचे और उन्हें जरूरत का सामान प्रदान किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को कम्बल, सोलर लाइट, घरेलू बर्तन, मच्छरदानी, चप्पल सहित बच्चों के खेलने के लिए क्रिकेट बैट-बॉल, वॉलीबॉल, नेट और फुटबॉल जैसी खेल सामग्री वितरित की गई। सामग्री पाकर ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें काफी राहत मिलती है। इसके अलावा मूलेर क्षेत्र में भी कमांडेंट हिमांशु पांडे की उपस्थिति में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया, जहां मेडिकल कैंप लगाया गया। इस मेडिकल कैंप में ग्रामीणों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच करवाई और आवश्यक दवाइयां प्राप्त कीं। साथ ही वहां भी जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर कमांडेंट हिमांशु पांडे ने बताया कि गोगुंडा क्षेत्र में पहले नक्सली गतिविधियों के कारण विकास कार्य नहीं पहुंच पाते थे। लेकिन कैंप की स्थापना के बाद अब यहां लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। पहले यहां सड़क की सुविधा भी नहीं थी, जबकि अब सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचने लगी हैं और आगे भी कई विकास कार्य जारी हैं।

उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनकी सहायता के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कमांडेंट हिमांशु पांडे ने यह भी कहा कि भविष्य में भी सीआरपीएफ द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों का विश्वास जीतने और उनकी हर संभव मदद करने का प्रयास जारी रहेगा।

### राज्य शासन के प्रयासों से जैविक खेती को मिली नई रफ्तार

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम कासोली के प्रगतिशील कृषक सुरेश कुमार नाग जैविक खेती के क्षेत्र में एक प्रेरक उदाहरण बनकर उभरे हैं। वे पिछले लगभग 13 वर्षों से रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक



पद्धति से खेती कर रहे हैं और अपने अनुभवों से आसपास के किसानों को भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अपने करीब 5 एकड़ भूमि पर उन्होंने आत्मनिर्भर खेती का सफल मॉडल विकसित किया है। अपने खेत पर ही वे गोबर खाद, केंचुआ खाद तथा तरल जीवामृत तैयार करते हैं। इसके साथ ही स्थानीय वनस्पतियों से प्राकृतिक कीटनाशक बनाकर फसलों की सुरक्षा करते हैं। इस पद्धति से खेती की लागत में कमी आई है और भूमि की उर्वरता भी लगातार बढ़ रही है। सुरेश कुमार नाग अपने खेत में कोसरा (मिलेट), सुगंधित धान, टमाटर, बैंगन और बरबटी जैसी विभिन्न फसलों की जैविक खेती करते हैं। जैविक पद्धति से उत्पादित होने के कारण उनकी उपज को स्थानीय बाजार में बेहतर कीमत मिलती है, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हो रही है। छत्तीसगढ़ में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप किसानों में जागरूकता बढ़ी है।

## कक्षा पांचवी की केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षाएं हुई शुरू

# खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर विकासखंड में कक्षा पांचवी की केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिसका शुभारंभ गणित विषय के साथ किया गया। परीक्षा प्रारंभ होते ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन द्वारा निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा परीक्षा संचालन की प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने केंद्राध्यक्ष एवं संस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, शौचालय की साफ-सफाई तथा बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हों।

बस्तर विकासखंड में परीक्षा के प्रथम दिवस पर सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने की जानकारी प्राप्त हुई।

### गौ संरक्षण को नई दिशा, गौधाम योजना का शुभारंभ



**बीजापुर।** छग शासन की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 14 मार्च को वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में जिला बीजापुर से जनप्रतिनिधि, पशुपालक, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, नगर पालिका अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एनआईसी के माध्यम से वर्चुअल रूप से शामिल हुए। प्रदेश में घुमंतू एवं बेसहारा पशुओं के समुचित प्रबंधन के लिए शासन द्वारा शासकीय भूमि पर गौधाम विकसित किए जा रहे हैं। इन गौधामों में पशु शेड निर्माण, पेयजल, बिजली, फेंसिंग आदि आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, जिससे पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सके। राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल का मुख्य उद्देश्य बढ़ती बेसहारा मवेशियों की समस्या का समाधान करना, उन्हें सुरक्षित आश्रय तथा चारा-पानी उपलब्ध कराना और उनके संरक्षण को बढ़ावा देना है।

# डॉ. नरगिस को छग महतारी अलंकरण सम्मान

**गीदम।** सामाजिक संस्था नवसृजन मंच छत्तीसगढ़ ने रायपुर में एक सम्मान समारोह आयोजित कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं 51 महिलाओं को छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण से विभूषित किया। इस दौरान गीदम निवासी डॉ. नरगिस अंसारी को छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही इस मौके पर समाज में उल्लेखनीय कार्य कर रहे 11 महिला स्व सहायता समूहों को भी महतारी गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस सम्मान के लिए प्रदेशभर से शिक्षा, खेलकूद, चिकित्सा, पत्रकारिता, पुलिस सेवा, साहसिक कार्य, महिला उद्यमिता, विज्ञान, प्रशासनिक सेवा, समाज सेवा, राजनीति, विधि, सौंदर्य, धार्मिक एवं अन्य क्षेत्रों से महिलाओं का चयन किया गया था। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक सिक्कों की माला, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।



### स्वच्छता रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक

**जगदलपुर।** शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुम्हरावंड में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत विद्यार्थियों द्वारा गांवों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में शामिल स्वयंसेवक योग,स्वच्छता रैली,वॉल पेंटिंग,नारे लेखन तथा स्कूल भ्रमण जैसी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों और बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम कुम्हरावंड की गलियों में स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया।



# आंवरी में कर्मा जयंती मनाई और निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



रानी मां के छत्रछाया में बसे ग्राम आवरी में भी साहू समाज के लोग धूमधाम से कर्मा जयंती का आयोजन किया। मां कर्मा के छायाचित्र पर पूजा पाठ करके महाआरती हुआ व तत्पश्चात माताओं द्वारा गांव में कलश यात्रा निकाला गया। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष अर्जून राम साहू ने स्वागत कहा कि समाज में रहकर हम सब मिलजुलकर काम करेंगे तभी समाज का उत्थान होगा।

माता कर्मा के जीवनी के बारे में साहू समाज के जिला कोर कमेटी के सदस्य धन्नूराम साहू ने बताया कि समाज में सामाजिक समरस्ता किस प्रकार होना चाहिए। जिला सृजन एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ के सदस्य चंद्रहास साहू एवं हीरालाल साहू एवं डोकला परिक्षेत्र उपाध्यक्ष डॉ. लोकेश्वर साहू ने प्रकाश डाला। माता कर्मा को भोग लगाकर खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला साहू समाज के संगठन सचिव बोधन साहू ने किया एवं आभार व्यक्त ग्रामीण साहू समाज सचिव योगेश साहू एवं शोभी राम साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला राजनीतिक प्रकोष्ठ के सदस्य महेश साहू, जिला किसान प्रकोष्ठ के सदस्य तामेश्वर साहू, संत कुमार साहू, रामूराम साहू, शिवरात्रि साहू, योगेश साहू, सूरज बाई साहू, घनश्याम साहू, रविशंकर साहू, सुकचंद साहू, राधेलाल साहू, पीतांबर साहू, लोकेश साहू, बिमला साहू, गीता साहू, कुंती साहू उपस्थिति रहे।

# मां कर्मा जयंती पर महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**दुधावा।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम दुधावा में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में और डीजे की धुन में भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव में वातावरण भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना से की गई। एवं प्रतीभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि तारा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भक्त माता कर्मा ने समाज को सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश दिया है। सभी लोगों से उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने की अपील की। परिक्षेत्र साहू समाज दुधावा के अध्यक्ष देवलाल गंजीर ने समाज की एकता और परंपराओं को बनाए रखने पर बल दिया। संजुगोपाल साहू ने कहा कि साहू समाज की इष्ट देवी भक्त माता कर्मा के आदर्श समाज के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। बंटी राय ने कहा समाज कि एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता है। इस दौरान देवलाल गंजीर, आकाश नेताम, कर्ण साहू, हीरा साहू, देवकरण साहू, गौकरण साहू, ईश्वर साहू, जंगलू नेताम, मंजू नेताम, भगवती उईके, बाबू लाल साहू, जवाहरलाल साहू, किशोर साहू व साहू समाज के महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



## खबर संक्षेप

### कोषालय में 25 तक जमा किए जा सकेंगे देयक

**कांकेर।** जिले के कोषालय एवं समस्त उप कोषालयों में वर्ष 2025-26 से संबंधित समस्त देयक प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषालय अधिकारी कांकेर ने बताया कि एसएनए-स्पर्श से संबंधित समस्त भुगतान के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गई है।

### जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला 19 को

**कांकेर।** जलवायु परिवर्तन जागरूकता संबंधी जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 19 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे से माकड़ी होटल में किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला कांकेर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक राजेश चंदेले के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने का अनुरोध वनमंडलाधिकारी कांकेर रौनक गोयल ने किया है।

### नपं कार्यालय में चॉइस सेंटर शुरू नागरिकों को मिलेंगी सुविधाएं



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में नागरिक सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक और पहल करते हुए नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नए चॉइस सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। रविवार 16 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। नगर पंचायत कार्यालय में चॉइस सेंटर शुरू होने से अब नगरवासियों को विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एक ही स्थान पर आधार कार्ड से जुड़े कार्य, विवाह पंजीयन, राशन कार्ड समेत अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का पंजीयन और प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि आम नागरिकों को सुविधाजनक और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। चॉइस सेंटर के माध्यम से लोगों का समय और श्रम दोनों बचेगा और उन्हें कई आवश्यक सेवाएं नगर पंचायत कार्यालय में ही उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में पार्षद राजिंदर रंधावा, नरेंद्र कुलदीप, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी नरोत्तम सिंह चौहान, नरेंद्र शर्मा, कुंदन साहू, सब इंजीनियर हिमांशु कावड़े, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, त्रिलोक चंद चोपड़ा, यशोदा ठाकुर, राजस्व निरीक्षक भुनेश्वर जैन, मनोज जैन, चॉइस सेंटर की डाटा ऑपरेटर संध्या यादव तथा नगर पंचायत के अकाउंटेंट महेंद्र मालेकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तुलतुली पंचायत के शिविर में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं और समाधान की पहल की

# मर्दापोटी घोटिया मार्ग की दूध नदी पर बनाया जाएगा पुल : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड कांकेर के दूरस्थ पहाड़ी में स्थित ग्राम पंचायत तुलतुली के आश्रित ग्राम कलमुच्चे में सोमवार 16 मार्च को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 10 आवेदन का निराकरण मौके पर किया गया, शेष आवेदनों का नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने शिविर में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण की पहल की।




कलेक्टर ने जनसमस्याओं का निराकरण करते हुए कहा कि इस पहाड़ी अंचल के विकास में कोई कमी आने नहीं दी जाएगी। क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। यह अंचल कभी संवेदनशील था, जिससे विकास कार्यों में बाधा आई। अब सभी कार्यों को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है, गांव-गांव में सड़कें, सीसी रोड बनाए जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या से अवगत कराया गया है, जिसका निराकरण किया जाएगा। आवागमन की दिक्कतों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मर्दापोटी के डुरकीपारा से घोटिया मार्ग में दूध नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसकी टेंडर की प्रक्रिया जारी है। ग्राम तुलतुली से मर्रापी तक आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम कलमुच्चे एवं आसपास के ग्रामीणों को राशन की सुविधा मिल रही है, आधार कार्ड, राशन कार्ड बने हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास का निर्माण भी हो रहा है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित हैं, जिसका फायदा उठाते हुए आप अपने व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं से अवगत करा सकते हैं, जिनका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। शिविर स्थल में आधार कार्ड अपडेशन, राशन कार्ड बनाने के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान वय वंदन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की जानकारी भी ग्रामीणों से उनके द्वारा ली गई।

जनसमस्या निवारण शिविर को जनपद उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर, जनपद सदस्य राजेश्वरी नेताम, हेमलता कवाची, ग्राम पंचायत तुलतुली के सरपंच रेवती मंडावी, जनपद सदस्य गीता रमेश गावड़े, मर्दापोटी सरपंच राजेश भास्कर ने भी संबोधित किया। जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार अपडेशन पत्र भी प्रदाय किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं का गोदभराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्रासन्न भी किया गया।

# रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अपील प्राधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम उप निर्वाचन तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने पुनरीक्षित किए जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेशानुसार नगर पंचायत चारामा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार चारामा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपर कलेक्टर कांकेर को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए अपर कलेक्टर कांकेर को सम्पूर्ण जिला कांकेर अनुभाग पखांजूर को छोड़कर अपील प्राधिकारी तथा अपर कलेक्टर अंतागढ़ को सम्पूर्ण पखांजूर अनुभाग के लिए अपील प्राधिकारी नियुक्त किया है।

इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर को सम्पूर्ण अनुभाग कांकेर के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार कांकेर को सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कांकेर हेतु सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र नरहरपुर के लिए तहसीलदार नरहरपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार सम्पूर्ण अनुभाग चारामा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र चारामा के लिए तहसीलदार चारामा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सम्पूर्ण भानुप्रतापपुर अनुभाग के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र भानुप्रतापपुर के लिए तहसीलदार भानुप्रतापपुर एवं सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र दुर्गुकोंदल के लिए तहसीलदार दुर्गुकोंदल को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण पखांजूर अनुभाग के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पखांजूर के लिए तहसीलदार पखांजूर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# किसानों को केवीके में मशरूम उत्पादन की मिली नवीन तकनीक की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में रविवार को मशरूम उत्पादन तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया, साथ ही इसके व्यावहारिक पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन, हिमाचल प्रदेश के वैज्ञानिक डॉ. श्वेतकमल ने किसानों को मशरूम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने मशरूम की खेती के विभिन्न चरणों जैसे बीज (स्पॉन) की तैयारी, सब्सट्रेट का चयन, बैग तैयार करना, तापमान व नमी का संतुलन तथा उत्पादन के बाद की देखभाल के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्रायोगिक रूप से मशरूम उत्पादन की तकनीक भी सिखाई गई, जिससे वे इसे अपने स्तर पर आसानी से अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अन्वेषक एवं मशरूम परियोजना के प्रभारी डॉ. एचके सिंह ने छत्तीसगढ़ में मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कम लागत, कम जगह और कम समय में मशरूम की खेती से किसानों को अच्छा लाभ मिल सकता है। यह विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए आय का एक प्रभावी विकल्प बन सकता है। प्रशिक्षण के दौरान अनुसूचित जनजाति योजना के अंतर्गत किसानों को मशरूम उत्पादन से संबंधित आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। इसमें प्लास्टिक ड्रम, बाल्टी, मशरूम स्पॉन बीज, मिस्ट स्प्रेयर सहित अन्य उपकरण शामिल थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मशरूम उत्पादन की तकनीक सीखने में रुचि दिखाई।

# कोदापाखा में पारंपरिक वार्षिक मेला आज से, आकाश झूले का आकर्षण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदापाखा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला पारंपरिक वार्षिक मेला इस वर्ष 17 एवं 18 मार्च को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार मेले में कई वर्षों बाद आकाश झूला का आगमन हुआ है, जो बच्चों और युवाओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

ग्राम गायता पत्तीराम नरेटी और ग्राम पटेल रामप्रसाद नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोदापाखा का यह मेला क्षेत्र का प्रमुख और ऐतिहासिक मेला माना जाता है। यह मेला केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं बल्कि क्षेत्र में आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और शांति व्यवस्था का प्रतीक भी है। हर वर्ष इस मेले में आसपास के कई गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं और पारंपरिक संस्कृति के साथ उत्सव का आनंद लेते हैं। मेले में स्थानीय व्यापारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकानों की व्यवस्था की जाती है, जहां ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं, खिलौने, मिठाइयां और अन्य सामग्री उपलब्ध रहती है। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए झूले, खेल और अन्य आकर्षण भी लगाए जाते हैं। वर्षों बाद आकाश झूला लगने से मेले की रौनक और भी बढ़ गई है, जिससे लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मेले में क्षेत्र के व्यापारी, अधिकारी, कर्मचारी, महिला-पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

# पेन शक्तियों का विधायक सावित्री ने किया नमन करके व रंगमंच का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पेनोपारा, राऊरवाही में आयोजित पारंपरिक हेस्सा कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की पारंपरिक आस्था के प्रतीक पेन शक्तियों का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक के आगमन से गांव में उत्साह का माहौल रहा और ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने ग्राम पेनोपारा, राऊरवाही में लगभग 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित देवगुड़ी का लोकार्पण किया। इसके साथ ही ग्राम सटेली में निर्मित रंगमंच भवन का भी उद्घाटन कर ग्रामीणों को महत्वपूर्ण सौगात दी। इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विधायक मंडावी ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की परंपराएं, संस्कृति और आस्था यहां की पहचान हैं। पेन शक्तियों के प्रति श्रद्धा और सामुदायिक आयोजनों से गांवों में सामाजिक एकता और भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आवश्यकताओं और क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि देवगुड़ी और रंगमंच भवन जैसे निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने ग्रामीणों से गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील भी की। ग्रामीणों ने विधायक सावित्री मनोज मंडावी का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजन संपन्न हुआ और गांव में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला।



इस अवसर पर धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील बबला पाढ़ी, सरपंच बलराम टेपारिया, पीलम नरेटी, रामचंद्र कल्लो, विजय पटेल, सोमदेव कोरेटी, दीनदयाल पटेल, लखनलाल नरेटी, दयाराम कोमरे, सुखराम कोमरे, रतिराम कोमरे, वार्ड पंच दयावती कोमरे, विश्वास कोमरे, मेहर लाल उयके, देवकी कोठारी, मानकी बाई, रैनसिंग कोठारी, दयाराम कोमरे, सुखराम कोमरे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एफएमडी टीकाकरण अभियान का जिले में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पशुओं के खुर-पका, मुंह पका रोग से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की शुरूआत जिले में हो गयी है। यह अभियान केन्द्र सरकार की योजना राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मंडावी ने जिला पंचायत परिसर से टीकाकरण दल को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।




यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा एवं इस दौरान गाय, भैंस दोनो प्रजातियों के पशुओं का खुर-पका, मुंह-पका रोग से बचाव के लिये टीकाकरण किया जायेगा। इस अभियान के सफल संचालन के लिए 84 टीकाकरण दल का गठन किया गया है, जिनके द्वारा जिले के समस्त ग्रामों में टीकाकरण कार्य किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. सत्यम मित्रा ने बताया कि खुर-पका, मुंह पका रोग खुर वाले पशुओं का अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग है, जो गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर आदि पशुओं को प्रभावित करता है। यह रोग पशुओं में तेजी से फैलता है। इस रोग के होने पर पशुओं को तेज बुखार के साथ मुंह, मसूड़े एवं जीभ के उपर, नीचें, होंठ के अंदर का भाग, खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं, जो कि आपस में मिलकर छालों का रूप ले लेते हैं। मुंह में छाला होने से पशु के मुंह से लगातार लार गिरती रहती है एवं खुर में छालों के कारण पशु लंगड़ा कर चलता है। पशु खाना-पीना छोड़ देता है एवं सुस्त पड़ जाता है। रोग से बचाव के लिये टीकाकरण एक मात्र उपाय है। उन्होंने जिले के सभी पशुपालकां से अपील की है कि अपने पशुओं का एफएमडी टीकारण अवश्य कराएं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

